# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
## UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY
(Established under Act 23, 2005)
Vishwavidhyalaya Marg, Near Transport Nagar, Haldwani (Nainital)UTTARAKHAND- 263139
Phone No. :05946-286000
Website: www.uou.ac.in, e-mail: career@uou.ac.in


**Employment Notice No. : UOU/Add/R3/006/2020-21, Dated : 12 March, 2021**

## चयन हेतु विज्ञापन

विश्वविद्यालय में शोध अधिकारी के रिक्त 03 पद, सहायक निदेशक, कम्प्यूटर आई0टी0 के रिक्त 04 पद तथा सिस्टम मैनेजर के रिक्त 01 पद (कुल **08 पदों**) पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन–पत्र (समस्त संलग्नकों सहित) पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किये जायेंगे। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय में प्राप्त होने की अन्तिम **तिथि 13 अप्रैल, 2021 सायं 05:00 बजे** तक नियत है।

उपयुक्त अभ्यर्थियों की वस्तुनिष्ठ (Objective Type with Multiple Choice) प्रकार की लिखित परीक्षा आयोजित करायी जायेगी। परीक्षा तिथि की सूचना यथा समय पृथक से विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.uou.ac.in**, दैनिक समाचार–पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति तथा अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर पर SMS के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी। अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट से ही डाउनलोड कर सकेंगे। डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे।

*** अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने से पूर्व विज्ञप्ति के सभी प्राविधान व शर्तें तथा अन्त में दिए गए निर्देशों को भली–भाँति अवश्य पढ़ लें।**

**1. पदनाम– शोध अधिकारी** — **कुल पद– 03**

**(i) रिक्तियों का विवरण एवं आरक्षण की स्थितिः–**

| क्र0 सं0 | पद कोड | पदनाम | श्रेणी | | | | | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनु0जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | |
| 1. | 001 | शोध अधिकारी | 02 | 01 | – | – | – | 03 |

**(ii) वेतनमानः–** वेतनमान– 56100– 177500 (लेवल–10)

**(iii) आयु सीमाः–** 21 वर्ष से 42 वर्ष तक

**(iv) पद का स्वरूपः–** अस्थायी/अंशदायी पेंशनयुक्त।

**(v) शैक्षिक अर्हताः–**

**अनिवार्यः**–अर्थशास्त्र/सांख्यिकी/गणितीय सांख्यिकी/कृषि अर्थशास्त्र/समाजशास्त्र/अर्थमिति/ क्रियात्मक शोध (औपरेशनल रिसर्च)/वाणिज्य में, कम से कम 48 प्रतिशत अंक के साथ स्नातकोत्तर उपाधि

**या**

सिविल अभियांत्रिकी/ यांत्रिकी अभियांत्रिकी/विद्युत अभियांत्रिकी/औद्योगिक अभियांत्रिकी में स्नातक उपाधि

**अधिमानीः**–निम्नलिखित एक या अधिक विषयों, अर्थात् सामाजिक आर्थिक, कृषि–आर्थिक, कृषि–औद्योगिक, ऊर्जा, सिंचाई उद्योग, परिवहन में सर्वेक्षण करने का अनुभव

**या**

केन्द्रीय या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या ख्याति प्राप्त निजी उपक्रमों में जिसमें 5000 से अधिक व्यक्ति नियोजित हों, के अधीन आयोजना या परियोजना या योजनाओं के सूत्रीकरण, विश्लेषण और मूल्य निर्धारण का अनुभव

**या**

पद के लिये अनिवार्य अर्हताओं में सम्मिलित किसी एक या अधिक विषयों में किसी विश्वविद्यालय या उपाधि महाविद्यालय या सरकारी संस्थान में शोध और शोध लेख (पेपर) के प्रकाशन का अनुभव।

(2) सेवा में किसी पद के लिये अभ्यर्थी को देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी का अच्छा ज्ञान होना चाहिये।

**(vi) परीक्षा हेतु निर्धारित चयन रीति एवं पाठ्यक्रमः–**

पद हेतु 60 अंको की लिखित परीक्षा (Objective Type with Multiple Choice) आयोजित की जायेगी, जिसमें सामान्य व ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति श्रेणी अभ्यर्थियों को 45 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है अन्यथा वे लिखित परीक्षा में अनर्ह माने जायेंगे। पाठ्यक्रम का स्तर परास्नातक तथा पी0–एचडी0 कोर्स वर्क पर आधारित होगा। लिखित परीक्षा के प्रश्न–खण्ड सामान्य ज्ञान, शोध अभिरूचि एवं सामान्य बौद्धिक परीक्षा के होंगे।

कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु प्रवीणता सूची *(लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर)* में से 1:8 के आधार पर अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जायेगा। लिखित परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने पर आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को चयन सूची में ऊपर रखा जायेगा।

पद हेतु अभ्यर्थियों का चयन 100 अंकों ( लिखित परीक्षा 60 अंक + 20 अंक कौशल परीक्षण + 20 अंक साक्षात्कार) के आधार पर किया जायेगा।

**2. पदनाम– सहायक निदेशक, कम्प्यूटर आई0टी0** **कुल पद– 04**

**(i) रिक्तियों का विवरण एवं आरक्षण की स्थितिः–**

| क्र0 सं0 | पद कोड | पदनाम | श्रेणी | | | | | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनु0जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | |
| 1. | 002 | सहायक निदेशक, कम्प्यूटर आई0टी0 | 02 | 01 | – | 01 | – | 04 |

**(ii) वेतनमानः–** वेतनमान– 56100– 177500 (लेवल–10)

**(iii) आयु सीमाः–** 21 वर्ष से 42 वर्ष तक

**(iv) पद का स्वरूपः–** अराजपत्रित/अस्थायी/अंशदायी पेंशनयुक्त।

**(v) शैक्षिक अर्हताः–**

**A. Essential Qualification-**

1- 55% in BE/B.Tech in Computer Science & Engineering/Information Technology with (03) three years experience in relevant field.

**or**

2- 55% in M.Tech in (CS/IT) with (01) one year experience in relevant field

**or**

3- 55% in MCA/M.Sc (IT/CS) with (02) two years experience in relevant field.

**B. Desirable Qualification-**

1- Managing Web servers, mail servers, LDAP, DNS on Linux/Unix and Windows servers.

2- Development/implementation of educational blogs, web server, preferably on Drupal/Moodle or such open source platforms.

**(vi) परीक्षा हेतु पद के अनुसार पाठ्यक्रमः–**

पद हेतु 60 अंको की लिखित परीक्षा (Objective Type with Multiple Choice) आयोजित की जायेगी, जिसमें सामान्य व ओ0बी0सी0 श्रेणी के अभ्यर्थियों को 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति श्रेणी अभ्यर्थियों को 45 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है अन्यथा वे लिखित परीक्षा में अनर्ह माने जायेंगे। पाठ्यक्रम बी0ई0/बी0टेक0 स्तर का होगा। लिखित परीक्षा के प्रश्न–खण्ड सामान्य बौद्धिक परीक्षण एवं कम्प्यूटर योग्यता के होंगे।

कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु प्रवीणता सूची *(लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर)* में से 1:8 के आधार पर अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जायेगा। लिखित परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने पर आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को चयन सूची में ऊपर रखा जायेगा।

पद हेतु अभ्यर्थियों का चयन 100 अंकों (लिखित परीक्षा 60 अंक + 20 अंक कौशल परीक्षण + 20 अंक साक्षात्कार) के आधार पर किया जायेगा।

**3. पदनाम– सिस्टम मैनेजर** **कुल पद– 01**

**(i) रिक्तियों का विवरण एवं आरक्षण की स्थितिः–**

| क्र0 सं0 | पद कोड | पदनाम | श्रेणी | | | | | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनु0जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | |
| 1. | 003 | सिस्टम मैनेजर | 01 | – | – | – | – | 01 |

**(ii) वेतनमानः–** वेतनमान– 67700–208700 (लेवल–11)

**(iii) आयु सीमाः–** 21 वर्ष से 42 वर्ष तक

**(iv) पद का स्वरूपः–** अराजपत्रित/अस्थायी/अंशदायी पेंशनयुक्त।

**(v) शैक्षिक अर्हताः–**

❖ M.Tech (CS/electronic/IT) with at least 5 years of experience.

**or**

❖ B.Tech (CS/electronic/IT) with at least 7 years of experience.

**or**

❖ MCA with at least 7 years of experience.

**or**

❖ M.Sc. (IT/CS) with at least 7 years of experience.

**Areas of Experience:**

- Implementing Open Source Applications
- Expertise in managing both Linux/Unix and windows based system & Networks
- Managing Web servers, mail servers, LDAP, DNS on Linux/Unix and windows servers.

- Development/implementation of educational distance learning system on web server, preferably on Drupal/Moodle or such open source platforms.

**(vi) परीक्षा हेतु पद के अनुसार पाठ्यक्रमः–**

पद हेतु 60 अंको की लिखित परीक्षा (Objective Type with Multiple Choice) संलग्न (Appendix-I) के आधार पर आयोजित की जायेगी, जिसमें अभ्यर्थियों को 50 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है अन्यथा वे लिखित परीक्षा में अनर्ह माने जायेंगे।

कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु प्रवीणता सूची *(लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर)* में से **1:8** के आधार पर अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जायेगा। लिखित परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने पर आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को चयन सूची में ऊपर रखा जायेगा।

पद हेतु अभ्यर्थियों का चयन 100 अंकों (लिखित परीक्षा 60 अंक + 20 अंक कौशल परीक्षण + 20 अंक साक्षात्कार) के आधार पर किया जायेगा।

**3. लिखित परीक्षा हेतु निर्देश –**

**(i)** लिखित परीक्षा की समयावधि 02 घंटे होगी। लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र मूल्यांकन में प्रत्येक सही उत्तर का 1 अंक व प्रत्येक गलत उत्तर हेतु 1/4 ऋणात्मक अंक दिया जायेगा।

**(ii)** अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा की प्रश्न बुकलेट, परीक्षा के पश्चात् अपने साथ ले जाने की अनुमति दी जायेगी।

**(iii)** प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प होंगे। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गये अंकों का एक चौथाई काटा जायेगा।

**(iv)** यदि अभ्यर्थी किसी भी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर देता है तो इसे गलत उत्तर माना जायेगा, यदि दिये गये उत्तरों में से एक उत्तर सही भी हो, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपरोक्तानुसार ही एक चौथाई अंक की कटौती की जायेगी।

**(v)** यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई ऋणात्मक अंक नहीं दिया जायेगा।

**(vi)** ओ0एम0आर0 शीट में व्हाइटनर का उपयोग या विकल्पों को खुरचना/छेड़छाड़ आदि प्रतिबंधित है और इसके लिए भी ऋणात्मक अंक दिया जायेगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा एक उत्तर विकल्प को खुरच कर या व्हाइटनर आदि का प्रयोग करके मिटाकर अन्य उत्तर विकल्प भरा गया है, तो उन्हे उस उत्तर का अंक नहीं मिलेगा एवं ऋणात्मक अंक की भी कटौती की जायेगी।

**(vii)** अभ्यर्थी अपनी ओ0एम0आर0 शीट में गलत रोल नम्बर अथवा बुकलेट सीरीज अंकित करता है या कुछ भी अंकित नहीं करता है तो उसकी ओ0एम0आर0 शीट का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा तथा अभ्यर्थी का अभ्यर्थन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

**(viii)** अभ्यर्थियों का यह भी सूचित करना है कि उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन यांत्रिक है व ओ0एम0आर0 पद्धति पर है। ऐसे में किसी प्रश्न के एक में अधिक विकल्प पर चिह्न अंकित होना या छोटा बिन्दु आ जाना या कोई और निशान हो जाने से उनका उत्तर गलत हो सकता है। अतः OMR Sheet को अत्यंत सफाई से अंकित करें।

**4. आयुः— आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 जुलाई, 2020 है।**

परन्तु यह कि उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं ऐसी अन्य श्रेणियों के जो सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित की जाय, अभ्यर्थियों की स्थिति में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी विनिर्दिष्ट की जाय।)

**5. अनापत्ति प्रमाण–पत्रः—**

जो अभ्यर्थी आवेदन करने की तिथि को सरकारी/अर्द्धसरकारी सेवा में हों, उन्हें विभागीय अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**6. राष्ट्रीयताः—** सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए आवश्यक है कि अभ्यर्थीः—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) तिब्बती शरणार्थी हो, जो भारत में स्थायी निवास के आशय से पहली जनवरी, 1962 ई0 से पूर्व भारत आया हो, अथवा

(ग) भारतीय उद्भव का ऐसा व्यक्ति हो, जिसने भारत में स्थायी निवास के आशय से पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका या किसी पूर्वी अफ्रीकी देशों, केन्या, यूगांडा, और यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) से प्रवर्जन किया हो :

परन्तु यह कि उपयुक्त श्रेणी की (क) या (ग) के अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक होगा 5 कि वह राज्य सरकार से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले।

परन्तु यह कि श्रेणी (ख) के अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जायेगी 5 कि वह पुलिस उप–महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड से पात्रता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर ले,

परन्तु यह भी कि यदि अभ्यर्थी उपर्युक्त श्रेणी (ग) का हो तो पात्रता का प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के लिए जारी नहीं किया जाएगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष की अवधि से आगे सेवा में इस शर्त के अधीन रहते हुए रखा जाएगा कि उसने भारत की नागरिकता प्राप्त कर ली हो।

**टिप्पणीः—** ऐसे अभ्यर्थी को जिसके मामले में पात्रता का प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु न तो वह जारी किया गया हो और न देने से इन्कार किया गया हो, किसी परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है और उसे इस शर्त के रहते हुए अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है कि आवश्यक प्रमाण–पत्र उसके द्वारा प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

**7. चरित्रः—**सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो। चयन प्रक्रिया के दौरान यदि अभ्यर्थी का कार्य–व्यवहार उचित नही पाया जाता है, तो उनके विरूद्ध सम्यक् कार्यवाही की जायेगी। परीक्षा की शुचिता को बाधित करने के लिए नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही भी विश्वविद्यालय द्वारा की जायेगी।

**8. वैवाहिक प्रास्थितिः—**सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के लिए ऐसा पुरूष अभ्यर्थी पात्र न होगा, जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हों या ऐसी महिला अभ्यर्थी पात्र न होगी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया जो, जिसकी पहले से एक पत्नी जीवित हो। परन्तु यह कि राज्यपाल किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकते हैं, यदि उनका समाधान हो जाय ऐसा करने के विशेष कारण विद्यमान हैं।

**9. शारीरिक स्वस्थताः—**किसी अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक कि मानसिक और शारीरिक दृष्टि से उसका स्वास्थ्य अच्छा न हो और वो किसी ऐसे शारीरिक दोष से युक्त न हो, जिससे उसे अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने

की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति के लिए अन्तिम रूप से अनुमोदित किये जाने के पूर्व उससे यह अपेक्षा की जायेगी कि वो वित्त हस्त–पुस्तिका खण्ड–दो, भाग–तीन के अध्याय–तीन में मूल नियम–10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार चिकित्सा परिषद, की परीक्षा उत्तीर्ण करे।

**10. आरक्षणः–**उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पिछड़ी जातियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

उर्ध्व आरक्षण हेतु राज्य के निवासी अभ्यर्थियों को आवेदन–पत्र में संबंधित आरक्षित श्रेणी के प्रमाण–पत्र के साथ–साथ Domicile (स्थाई निवास प्रमाण–पत्र) भी संलग्न करना होगा, अन्यथा वे आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं कर पायेंगे।

**11. शुल्कः–**

आवेदन शुल्क का भुगतान बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ही स्वीकार्य होगा, जो (UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY) के नाम तथा हल्द्वानी में देय होगा। बैंक ड्राफ्ट को आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है। शुल्क का विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | श्रेणी | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित (सामान्य)/अन्य पिछड़ा वर्ग) | रू0 1000/–मात्र |
| 2. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | रू0 500/– मात्र |

**12. उपरोक्त निर्देशों के साथ–साथ आवेदन–पत्र भरने से पूर्व निम्न महत्वपूर्ण निर्देशों व शर्तों को पढ़ेंः–**

(1) आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरना एक महत्वपूर्ण कार्य है। अभ्यर्थी, पद के लिए निर्धारित शैक्षिक अर्हता, आरक्षण आदि को सावधानीपूर्वक पढ़कर ही आवेदन पत्र भरें, क्योंकि फार्म में बिना प्रमाण–पत्रों/संलग्नकों के सन्निरीक्षा की जानी संभव नहीं है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर अन्तिम चयन के बाद भी अभ्यर्थन निरस्त हो सकता है।

(2) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वह आवेदन–पत्र भरने की तिथि को अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों तथा समस्त प्रमाण–पत्र स्वहस्ताक्षरित होने चाहिये।

(3) किसी भी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन–पत्र में गलत तथ्यों का प्रकटीकरण जिनकी वैध प्रमाण–पत्रों के आधार पर पुष्टि न हो या फर्जी प्रमाण–पत्रों (शैक्षिक योग्यता/अनुभव/आरक्षण संबंधी) के आधार पर आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया गया हो, ऐसे अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की परीक्षाओं से प्रतिवारित कर दिया जायेगा साथ ही सुसंगत विधि के अन्तर्गत ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध अभियोग भी दर्ज कराया जा सकता है।

(4) परीक्षा के लिये आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे परीक्षा में प्रवेश हेतु पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा के सभी स्तरों पर उनका प्रवेश पूर्णतः अनन्तिम होगा। अभ्यर्थी को मात्र प्रवेश–पत्र जारी किए जाने का यह अर्थ नहीं होगा कि उसका अभ्यर्थन विश्वविद्यालय द्वारा अन्तिम रूप से सुनिश्चित कर दिया गया है। यदि अभिलेख सत्यापन के चरण तक किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्ह नहीं था अथवा उसका आवेदन पत्र

अस्वीकृत किया जाना चाहिए था अथवा वह प्रारम्भिक स्तर पर ही स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था तो उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाएगा और यदि वह अन्तिम रूप से चयनित हो जाता है तो भी विश्वविद्यालय की संस्तुति वापस ले ली जाएगी।

(5) आवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त आवेदन में की गयी प्रविष्टियों यथा अर्हता, आरक्षण से संबंधित श्रेणी, आयु या अन्य किसी बिन्दु पर किसी भी प्रकार का संशोधन या परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(6) अभ्यर्थी विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और तभी आवेदन करें जब वे संतुष्ट हो कि वे विज्ञापन की शर्तों के अनुसार अर्ह हैं। आवेदन–पत्रों की स्क्रीनिंग में अर्हता, आरक्षण से संबंधित श्रेणी, आयु या अन्य किसी बिन्दु पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने अथवा विश्वविद्यालय में आवेदन–पत्र विलम्ब से प्राप्त होने की दशा में अभ्यर्थन निरस्त/अस्वीकृत कर दिया जायेगा। अस्वीकृत/निरस्त किये जाने वाले आवेदन–पत्रों के मामलों में विश्वविद्यालय द्वारा कोई शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।

(7) यदि कोई अभ्यर्थी अपनी श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क से कम शुल्क जमा करता है तो उसका आवेदन–पत्र निरस्त/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(8) अलग–अलग पदों में आवेदन करने हेतु पृथक–पृथक आवेदन तथा पृथक–पृथक शुल्क भी जमा किया जाना होगा।

(9) लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र डाक द्वारा प्रेषित नहीं किये जायेंगे अपितु विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.uou.ac.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में अभ्यर्थियों को सूचना समाचार–पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति, विश्वविद्यालय वेबसाइट तथा अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन–पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर पर SMS के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।

(10) परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी को फोटो कैमरा, कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, स्कैनर पैन अथवा किसी भी प्रकार के संचार यंत्र अथवा किसी भी इलैक्ट्रॉनिक उपकरण के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी।

(11) अनुचित साधन सख्ती से प्रतिबन्धितः–परीक्षा कक्ष में कोई भी अभ्यर्थी किसी भी अन्य अभ्यर्थी की उत्तर पुस्तिका से न तो नकल करेगा, न ही नकल करवायेगा और न ही किसी अन्य तरह की अनुचित सहायता देगा, न ही सहायता देने का प्रयास करेगा, न ही सहायता प्राप्त करेगा और न ही प्राप्त करने का प्रयास करेगा।

(12) परीक्षा भवन में आचरणः– कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न करें, अव्यवस्था ना फैलाएं तथा परीक्षा संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा तैनात स्टाफ को परेशान ना करे। ऐसे किसी भी दुराचरण के लिए कठोर दण्ड दिया जाएगा। परीक्षा की समाप्ति के उपरान्त उत्तर पुस्तिका (OMR) की मूल प्रति कक्ष निरीक्षक को सौंपकर ही परीक्षा कक्ष से बाहर जाएं। यदि अभ्यर्थी मूल प्रति कक्ष निरीक्षक को न देकर स्वयं ले जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी का परिणाम रोक दिया जायेगा।

(13) केन्द्र अथवा राज्य सरकार के अधीन अथवा उनके नियंत्रणाधीन कार्यरत् अभ्यर्थियों को अपने सेवा नियोजक का 'अनापत्ति प्रमाण–पत्र' आवेदन में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(14) अभ्यर्थियों को परीक्षा से संबंधित समस्त सूचनाएं वेबसाइट के माध्यम से अवगत करायी जायेगी। अतः अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.uou.ac.in** का समय–समय पर अवलोकन करना सुनिश्चित करे।

(15) अभ्यर्थी आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम, पदकोड तथा श्रेणी का स्पष्ट उल्लेख करना सुनिश्चित करेंगे।

(16) आवेदन पत्र (समस्त संलग्नकों सहित) पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किये जायेंगे। विश्वविद्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की **अन्तिम तिथि 13 अप्रैल, 2021 सायं 05:00 बजे तक** नियत है।

(17) आवेदन–पत्र कुलसचिव, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे, तीनपानी बाईपास रोड़, हल्द्वानी (नैनीताल)–263139 उत्तराखण्ड के नाम प्रेषित किये जायेंगे।

(18) अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा और न ही विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में अभ्यर्थी को जानकारी प्रदान की जायेगी। डाक विभाग द्वारा किये गये विलम्ब के लिये विश्वविद्यालय किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी अन्तिम तिथि से पूर्व ही अपने आवेदन–पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव